टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

एक नजर में

एक कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, के प्राचार्य डॉ. आरपी शांडिल्य तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष दीपक कुमार खखरिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा छात्राओं को इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, कंप्यूटर साइंस, आईटी, तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय में कौशल-आधारित शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्य के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रश्न-उत्तर सत्र रहा, जिसमें छात्राओं ने अपने करियर, विषय चयन, प्रवेश प्रक्रियाओं एवं भविष्य की संभावनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे। अतिथियों द्वारा छात्राओं के प्रश्नों के सरल, व्यावहारिक एवं प्रेरणादायक उत्तर दिए गए।

शिकायत सुन कलेक्टर बोले दोषियों पर आज ही कार्यवाही करूंगा

आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय न मिलने का मामला

दो घंटे संयुक्त कार्यालय में बैठक रही आशा कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

2025 से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने के मामले को लेकर बल्देवगढ़ ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए संयुक्त कार्यालय में कलेक्टर से लिखित रूप में शिकायत की। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आशा कार्यकर्ताओं की शिकायत को स्वयं सुन मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात की और अंत में आशा कार्यकर्ताओं की शिकायत का निराकरण करने के साथ विसंगति बरतने वालों पर आज ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगी। प्रदर्शन के दौरान पहले सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी आशा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। हालांकि, कार्यकर्ताओं ने उनसे ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया और कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। महिलाओं की मांग पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय मौके पर पहुंचे। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि बल्देवगढ़ विकासखंड में उन्हें जुलाई 2025 से मानदेय और प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है।

संघ की जिलाध्यक्ष आशा राय ने कहा कि इस अवधि में केवल दो बार अल्प राशि टुकड़ों में प्रदान की गई है, जिससे उन पर आर्थिक संकट आ गया है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस संबंध में 6 जनवरी को खंड चिकित्सा अधिकारी, बल्देवगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन उस पर कोई विचार नहीं किया गया। उनका आरोप है कि विभागीय अधिकारी उन्हें हटाने की धमकियां दे रहे हैं, जबकि वे अपने कार्य पूरी निष्ठा से कर रही हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि वे हर माह अपने कार्यों का वाउचर भरकर देती हैं। लेकिन उन्हें वाउचर के अनुरूप बहुत कम राशि मिलती है। पूरा भुगतान मांगने पर वरिष्ठ अधिकारी उन्हें सेवा से पृथक करने की धमकी देते हैं।

भुगतान के बाउचर में हर माह काटौती

आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे सामूहिक रूप से अंदोलन करेगी। आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में जुलाई 2025 से लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान, आशा वाउचर में हर माह कटौती बंद करना, प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित करना, दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और अमानवीय व्यवहार करने वाली स्टाफ नर्सों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बिना जांच और कारण के प्रसूता को रेफर न करने और संस्था में आशाओं के रात्रि में ठहरने की उत्तम व्यवस्था करने की मांग की।

दो घंटे डटी रही आशा कार्यकर्ता

प्रदर्शन के दौरान अहम देखने वाली बात यह रही कि आशा कार्यकर्ता रैली निकालकर संयुक्त कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने अपने ज्ञापन देने की मांग रखी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के पहले तमाम अधिकारी ज्ञापन लेने आए पर आशा कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपनी शिकायत नहीं सुनाई। उन्होंने कहा कि हम यह समस्या सिर्फ अपने कलेक्टर साहब को बताएंगे। तकरीबन 2 घंटे बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं मौके पर आए और उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं का ज्ञापन लेने के साथ उनकी समस्या सुनी। समस्या सुन कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर आशा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि मामले में विसंगति करने वालों पर आज ही कार्यवाही करूंगा।

दो दिन में दो दरिंदगी की वारदात, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज, पलेरा।

मासूम बेटियों को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले दो दिन में पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन में दो दरिंदगी की वारदातें सामने आई हैं। हवस के शिकारियों ने मासूमों का अपना शिकार बनाया है। हालांकि दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही कर तत्काल उनकी गिरफ्तारी कर ली।

जानकारी के मुताबिक पहली वारदात में आरोपी प्रेम नारायण यादव ने अपनी हदों को पार करते हुए मासूमियत को तार-तार करने का प्रयास किया। मामला सामने आते ही पलेरा पुलिस ने बिना वक्त गंवाए आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की सक्रियता का नतीजा यह रहा कि आरोपी प्रेम नारायण यादव आज सलाखों के पीछे अपने कुकर्मों की सजा भुगत रहा है।

वहीं दूसरा मामला सबसे सनसनीखेज और आक्रोशित करने वाला है जहां एक शिक्षक ने अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली 6 साल की मासूम को हवस का शिकार बनाया। पलेरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक कासिम खान पर पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे तत्काल जेल भेज दिया है।

दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना पलेरा ने संज्ञान लेकर तत्काल आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। स्कूल में शिक्षक द्वारा किए गए इस घिनौने कृत्य की पूरे पलेरा नगर में घोर निंदा की जा रही है। हर कोई यही कह रहा है कि ऐसे लोगों को कठोर कार्यवाही होना चाहिए।

किसानों के लिए विशेष अभियान चलाकर कराए पंजीयन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय निर्देशित किया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिये किसानों का विशेष अभियान चलाकर पंजीयन कराया जाये।

किसानों के आधार को मोबाईल नंबर से लिंक करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन करें। पंजीयन के संबंधित समस्त जानकारी प्रचारित की जाये, ताकि किसानों को पंजीयन कार्य करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, जिला आपूर्ति अधिकारी सौरभ तिवारी, जेएसओ ललित मेहरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसान पंजीयन का कार्य 7 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।

केंद्रीय विद्यालय में एफएलएन कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दतिया संकुल स्तरीय निपुण, एफएलएन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दस केंद्रीय विद्यालयों के मुख्याध्यापक, वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संतोष सोनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों एवं शिवपुरी के प्रधानाध्यापक जगदीश मीणा सर का विद्यालय ग्रीटिंग कार्ड एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक विभाग के बच्चों के लिए शैक्षणिक स्तर को बेहतर एवं प्रभावी बनाने के शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे और शैक्षणिक सुधार हेतु पीपीटी द्वारा विभिन्न विषयों को रोचक बनाने हेतु अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। शिक्षकों ने कार्यशाला का आनंद लेते हुए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम की समाप्ति में धन्यवाद ज्ञापन एके श्रीवास्तव वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक द्वारा प्रस्तुत किया गया। संकुल स्तरीय निपुण, एफ एलएन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

30 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगी शालेय प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु 23 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक प्री नेशनल कोचिंग कैंप 19 वर्ष बालक, बालिका टीकमगढ़ में आयोजित हुआ। शालेय नेशनल प्रतियोगिता नागपुर महाराष्ट्र में 30 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 तक आयोजित की गई है।

कैंप में खिलडियों को खेल कौशल एवं विपरीत परस्थिति में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु सॉफ्टबॉल कोच पी प्रसन्ना कुमार, साई कोच देवेश चंदेल, रितुल जैन, रजनी नानोटकर एवं जैनब खान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया। टीम के जनरल मैनेजर बृजेश यादव ने बताया मध्यप्रदेश टीम नेशनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने 28 जनवरी को नागपुर रवाना होगी। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, शिक्षा अधिकारी जिला एचएस चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु 23 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक प्री नेशनल कोचिंग कैंप 19 वर्ष बालक, बालिका में आयोजित हुआ।

बालक को बाल संरक्षण इकाई में सौंपा

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिला प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की त्वरित और संवेदनशील पहल से एक नवजात बालक को न केवल जीवनदान मिला, बल्कि विधिसम्मत दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के माध्यम से उसे स्नेहमय परिवार भी प्राप्त हुआ।

बालक को उसके जैविक पिता द्वारा बालक की मां का देहांत हो जाने से पालन-पोषण में असमर्थता व्यक्त करते हुए रात्रि के समय कलेक्टर आवास की दहलीज पर सुरक्षित रखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से गुहार लगाई गई थी। बालक अत्यंत कम वजन एवं कमजोर अवस्था में था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बालक को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई को सौंपा गया ।

हनुमान मंदिर में महंत सीताराम ने किया भूमिपूनज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर के प्रसिद्ध धजरई हनुमान मंदिर का 3 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्माण किया जाएगा। गुरुवार को एकादशी के शुभ मुहूर्त पर वृंदावन धाम के धीर समीर आश्रम के महंत मदन मोहन दास महाराज ने विधि-विधान से नए मंदिर के निर्माण का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर महंत मदन मोहन दास महाराज ने मंदिर निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की सहयोग राशि धजरई मंदिर के महंत बुंदेलखंड पीठाधीश्वर सीताराम दास महाराज को भेंट की। महंत सीताराम दास महाराज ने बताया कि मंदिर को 2028 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने यह भी बताया कि नवनिर्माण के बाद मंदिर में हनुमानगढ़ी अयोध्या की तर्ज पर हनुमान जी महाराज की प्रतिमा के पीछे भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता जानकी की आशीर्वाद देती हुई प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज के अनुसार, प्रस्तावित मंदिर का निर्माण पारंपरिक शिल्प और आध्यात्मिक भावनाओं के अनुरूप होगा।

मंदिर को तीन प्रमुख भागों में विकसित किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर अर्ध मंडप बनेगा, जहां श्रद्धालु ध्यान और विश्राम कर सकेंगे।इसके आगे विशाल मुख्य मंडप होगा, जिसमें लगभग 200 श्रद्धालु एक साथ बैठकर सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान कर पाएंगे। इसके बाद गर्भगृह का निर्माण किया जाएगा, जहां श्री हनुमान जी महाराज के साथ भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता जानकी की भव्य प्रतिमाएं विराजमान होंगी। महंत सीताराम दास महाराज ने मंदिर के इतिहास के बारे में बताया कि वर्ष 1970 के आसपास तपस्वी संत धूलिया महाराज धजरई तिगेला पहुंचे थे।

नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण

समस्या देख उसे सुधारने के अध्यक्ष ने दिए निर्देश

नए बस स्टैण्ड में हर वर्ष होती है पीने के पानी की समस्या

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बस स्टैंड का जायजा लिया। यह निरीक्षण बस स्टैंड पर पीने के पानी की किल्लत और लंबे समय से खराब पड़ी पानी की टंकी की शिकायतों के बाद किया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों से चर्चा की।

दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड पर पानी की टंकी सालों से बेकार पड़ी है, जिससे यात्रियों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। प्यास बुझाने के लिए लोग मानवीय संवेदना समिति के गर्मी में लगाए जाने वाले प्याऊ पर निर्भर रहते हैं। यात्रियों की इस परेशानी को देखते हुए नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने तुरंत व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने नई पानी की टंकी रखने और सभी नलों की टोंटियां बदलने के आदेश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड के पास बने पार्क की सफाई भी कराई गई। सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने दुकानदारों से अपील की कि वे बस स्टैंड परिसर में गंदगी न फैलाएं और सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान पार्षद ध्रुव यादव, अनीस खान और जल विभाग के उपयंत्री सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बस स्टैंड का जायजा लिया। लंबे समय से खराब पड़ी पानी की टंकी की शिकायतों के बाद किया गया। प्यास बुझाने के लिए लोग मानवीय संवेदना समिति के गर्मी में लगाए जाने वाले प्याऊ पर निर्भर रहते हैं।

पीने के पानी की होती समस्या

नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओं ओमपाल भदौरिया ने किया बस स्टैंड पर निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की किल्लत और लंबे समय से खराब पड़ी पानी की टंकी की शिकायतों के बाद किया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। हालांकि नए बस स्टेण्ड पर पानी की समस्या हर वर्ष होती है।

प्रदर्शन यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन

यूजीसी बिल के विरोध में केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के बैनर तले सवर्ण समाज ने यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रमुख सचिव राम रतन दीक्षित ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कपड़े उतारकर विरोध जताया। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति का ध्यान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की ओर से जारी प्रमोशन ऑफइक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस गाइडलाइंस 2026 की ओर आकर्षित किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुए नगर में रैली निकाली। इसके बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम संजय दुबे को ज्ञापन सौंपा। राम रतन दीक्षित ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही इस श्काले कानूनश् को वापस नहीं लेती हैए तो टीकमगढ़ सहित पूरे प्रदेश और देश में सवर्ण समाज उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति का ध्यान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की ओर से जारी प्रमोशन ऑफइक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस गाइडलाइंस 2026 की ओर आकर्षित किया गया। इसमें कहा गया कि इन नियमों का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में भेदभाव को रोकना है। लेकिन इनके वर्तमान स्वरूप में कई प्रावधान सामान्य सवर्ण वर्ग के छात्रों के लिए भेदभावपूर्ण और अन्यायपूर्ण प्रतीत होते हैं। ज्ञापन में बताया गया कि नए नियमों में झूठी शिकायतों के खिलाफ सुरक्षा का अभाव है। फरवरी 2025 के ड्राफ्ट में झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ दंड का प्रावधान था लेकिन फाइनल रूल्स 2026 से इस प्रावधान को हटा दिया गया है। सुरक्षा उपायों के हटने से सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ इन नियमों के दुरुपयोग की प्रबल संभावना है क्योंकि शिकायतकर्ता को अपनी पहचान बताए बिना भी शिकायत करने की छूट दी गई है। इक्विटी कमेटी में प्रतिनिधित्व की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के बैनर तले सवर्ण समाज ने यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रमुख सचिव राम रतन दीक्षित ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कपड़े उतारकर विरोध जताया।

प्रदर्शनकारी बोले सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव

संस्थानों में न्याय निर्णय के लिए गठित इक्विटी कमेटी में अनुसूचित जाति एससी अनुसूचित जनजाति एसटी अन्य पिछड़ा वर्ग ओवीसी महिलाएं और दिव्यांगजनों के प्रतिनिधि शामिल होंगेए लेकिन इसमें सामान्य वर्ग का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं किया गया है। इससे यदि किसी सामान्य वर्ग के छात्र के साथ भेदभाव होता है तो उसकी बात सुनने वाला कमेटी में कोई नहीं होगा। संगठन और सवर्ण समाज के लोगों ने राष्ट्रपति से यूजीसी बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

2.0 के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

एनआईसी कक्ष में जिले के आकांक्षी विकासखंड बल्देवगढ़ में सम्पूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं चिन्हित 6 संकेतकों की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रोतीय ने अभियान में अवधि 28 जनवरी से 14 अप्रैल के दौरान युद्ध स्तर पर सारे संबंधित विभाग को कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित चिन्हित केपीआई में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने हेतु तीन माह की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के फील्ड अमले महिला बाल विकास से सुपर वाइजर पशुपालन विभाग से एव्हीएफ ओ जमीनी स्तर पर क्या समस्या आ रही ।

मर्दनपुरा में लगा नि :शुल्क शिविर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी निवाड़ी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को शासकीय आयुर्वेद औषद्यालय जेवर के द्वारा ग्राम मर्दनपुरा में नि:शुल्क आयुष शिविर लगाया गया।

शिविर में डॉ कौशल किशोर प्रजापति द्वारा 62 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि:शुल्क औषधि प्रदान की गई। इस शिविर में स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग, अर्शरोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया।

साथ ही बीपी. की जांच की। आहार बिहार और शीत ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशल किशोर प्रजापति, मुकेश कुमार श्रीवास कम्पाउण्डर महेंद्र राय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।